www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान
बाजार
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

2 कायम रहे यह राजनीतिक सहमति, राजनीति देश के लिए होती है, देश की कीमत पर नहीं
तीन भाइयों को गोली मारने का मामला 04

वर्ष :08 | अंक :309 | मुंबई , गुरुवार , 01 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## समयपुर बादली में किशोर ने बहन के साथी पर चाकू से हमला किया

दिल्ली में अपने साथियों के साथ मिलकर एक किशोर ने 25 वर्षीय एक व्यक्ति के पेट में कथित रूप से चाकू घोंप दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी की बहन के साथ पीड़ित के कथित तौर पर संबंध थे। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब चार बजे उस समय हुई, जब तीन नाबालिगों ने समयपुर बादली इलाके में लविश की दुकान पर आकर उसपर हमला कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी ऑनलाइन सामने आया है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली के राणा पार्क निवासी लविश को तुरंत बीएसए अस्पताल ले जाया गया। वह बदरपुर में एक बिल्डर के दफ्तर में काम करता है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि लविश के एक युवती के साथ संबंध थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, शालीमार बाग स्थित ब्लड बैंक सेंटर में काम करने वाली लड़की के दो भाई हैं, जो उसके रिश्ते का विरोध कर रहे थे। कुछ महीने पहले उसके बड़े भाई ने लविश को उससे दूर रहने की चेतावनी दी थी। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को पीतमपुरा में 10वीं कक्षा का छात्र उस महिला का छोटा भाई अपने नाबालिग साथियों के साथ लविश की दुकान पर पहुंचा और उस पर चाकू से कई बार हमला कर दिया।

## आम के पेड़ पर फांसी लगाकर दंपति ने खुदकुशी की

लीलापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आम के बाग में एक दंपति ने पेड़ पर साड़ी और दुपट्टे से कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। थानाध्यक्ष मोनू शाक्य ने बताया कि दोनों पति पत्नी मंगलवार को डाक्टर से पास जाने की बात कहकर घर से निकले थे। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र लीलापुर निवासी 24 वर्षीय शशांक गाजियाबाद में नौकरी करता था और पिछले दिनों उसके ताऊ सुनील की मौत हो गयी थी और दो दिन पूर्व ही वह घर आया था। उनके अनुसार, मंगलवार को शशांक अपनी पत्नी 22 वर्षीय अंशु को लेकर दवा लेने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन उसने ग्राम हरिहरपुर के निकट अनुराग पुत्र रामौतार के बाग में पेड़ से फंदा लगा कर फांसी लगा ली। शाक्य ने बताया कि शशांक ने काले दुपट्टे से और उसकी पत्नी अंशु ने अपनी साड़ी से ही फंदा लगा कर जीवन लीला समाप्त कर ली। शशांक का दो साल पूर्व ही विवाह हुआ था।

# देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

## बिहार चुनाव से पहले केंद्र का फैसला, आंकड़े 2026-27 में जारी हो सकते हैं

**जाति जनगणना**

उन्होंने बताया कैबिनेट ने जाति जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है. केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए.

एजेंसी

नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट मीटिंग में हुए फैसलों को लेकर ब्रीफिंग कर रहे है. उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 22,864 करोड़ रुपये की कुल लागत से हाइब्रिड एन्युटी मोड पर मेघालय के मावलिंग्खुंग (शिलांग के पास) से असम के पंचग्राम (सिलचर के पास) तक 166.80 किलोमीटर (एनएच-6) के ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दी है.केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है.राष्ट्रीय जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, कांग्रेस सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया है.

2010 में दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए. इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था. अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की है. इसके बावजूद, कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया.



**ये हमारे पूर्वजों और समाजवादियों की जीत- तेजस्वी यादव**


तेजस्वी यादव ने कहा, ये हम लोग की 30 वर्ष पुरानी मांग रही है और ये हमारे पूर्वजों और समाजवादियों की जीत है और लालू जी की जीत है. पूर्व में हम बिहार के दल को लेकर पीएम से मिलने गए थे, लेकिन तब पीएम ने इसे मना कर दिया था. आज हम लोग की ताकत दिखिए और समाजवादियों की ताकत दिखिए कि इनको हमारे ही एजेंडे पर काम करना पड़ रहा है. अब हमारी अगली लड़ाई देश के विधानसभा चुनावों में हमारी मांग रहेगी कि पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए भी जैसे दलित और आदिवासियों भाईयों के लिए आरक्षित सीटें हैं उसी प्रकार से पिछड़ों और अति पिछड़ों का भी आरक्षित सीटें हों.

**मुसलमानों के पिछड़ेपन का डेटा उपलब्ध कराया जाए- ओवैसी**

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, समय की मांग है कि मुसलमानों के पिछड़ेपन के बारे में उचित डेटा उपलब्ध कराया जाए, जिसमें मुसलमानों के बीच विभिन्न जातियां/समूह शामिल हों. डेटा स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि मुसलमान आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं. बीजेपी ने दलित मुसलमानों के लिए एससी-स्थिति का विरोध किया है. इसने पिछड़े मुसलमानों के लिए आरक्षण का भी विरोध किया है.

**मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला- अमित शाह**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित मोदी सरकार ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हुई सीसीपीए की बैठक में, आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लेकर सामाजिक समानता और हर वर्ग के अधिकारों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया है. कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना का विरोध किया




# कोलकाता के होटल में आग लगी, 15 की मौत

## 22 लोगों को बचाया, छत-खिड़की से कूदते नजर आए लोग; एसआईटी जांच करेगी

> पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया।

एजेंसी



कोलकाता , कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में मंगलवार रात एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत और 13 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। 22 लोगों को बचाया गया।पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। वहीं, 12 पुरूष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है।पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया- आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई है।शुरूआती जांच में पता चला है कि होटल की चौथी मंजिल पर लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। घटनास्थल पर मौजूद एक शख्स ने बताया कि जान बचाने के लिए कई लोग होटल की छत और खिड़कियों से कूदते नजर आए।

भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए फायर सेफ्टी के सख्त नियम बनाए जाएं।कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा- यह एक दुखद हादसा है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।

समझ नहीं आता कोलकाता नगर निगम क्या कर रहा है।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में 'सुप्रीम' रोक

### केरल सीएम के पूर्व मुख्य प्रधान सचिव के खिलाफ नहीं होगी सीबीआई जांच

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को आय से अधिक संपत्ति के मामले में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मुख्य प्रधान सचिव केएम अब्राहम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और जांच करने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और मनमोहन की पीठ ने अब्राहम द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने सीबीआई, केरल सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर अब्राहम की अपील में उठाए गए मुद्दों पर जवाब देने को कहा है।

# सीजफायर उल्लंघन पर भारत ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

**हॉटलाइन पर हुई बातचीत**

पाकिस्तानी सेना ने 29-30 अप्रैल की रात को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई स्थानों पर बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की, जिसके बाद

एजेंसी




पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने कल (मंगलवार) हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। समाचार एजेंसी एएनआई ने रक्षा सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी है। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू एवं कश्मीर में अकारण गोलीबारी की है तथा नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा है।पाकिस्तानी सेना ने 29-30 अप्रैल की रात को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई स्थानों पर बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने कड़ी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तानी चौकियों ने रात के समय जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में भारतीय चौकियों को छोटे हथियारों से निशाना बनाया। पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराने के भारत के दावे के बाद पाकिस्तानी सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पाकिस्तान द्वारा लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा इस्लामाबाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के बाद पाकिस्तान की हताशा के संदर्भ में देखा जा रहा है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। नई दिल्ली ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपायों की घोषणा की है

## कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार से मिले राहुल गांधी

एजेंसी

लोकसभा नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार का ढाढ़स बंधाया। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमें एकजुट होकर आतंक को करारा जवाब देना होगा। खबर यह भी है कि राहुल गांधी ने इस दौरान परिवार की बातचीत मोबाइल पर प्रियंका गांधी से कराई।राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए एक विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस गंभीर मामले से जुड़ी चर्चा हो। राहुल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।




**निशाना** संबित पात्रा ने 'गायब' पोस्ट को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

# इंडिया गठबंधन नहीं, ये पिंडी गठबंधन है...

एजेंसी




भाजपा सांसद संबित पात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने वाले 'गायब' पोस्ट को लेकर सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी को 'पिंडी' गठबंधन कहा जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं की आलोचना करते हुए पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं और जल्द ही पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे। एएनआई से बात करते हुए पात्रा ने कहा कि यह इंडी गठबंधन नहीं है, यह रावलपिंडी गठबंधन है। आज से हम इन्हें इंडी गठबंधन नहीं कहेंगे; हम इन्हें 'पिंडी' गठबंधन कहेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं। मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब इस 'पिंडी' गठबंधन के लोग पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, भाजपा पार्टी से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करने के बाद, कांग्रेस पार्टी ने अब अपने विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटा दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए ₹गायब₹ (लापता) शब्द के साथ एक बिना सिर वाला पोस्टर दिखाया गया था। पोस्ट में एक कुर्ता-पायजामा और काले सैंडल की तस्वीर दिखाई गई थी, जिस पर ₹गायब₹ शब्द लिखा था और कैप्शन था ₹जिम्मेदारियों के समय-गायब₹। इस पर भाजपा और उसके सहयोगियों ने कड़ी आलोचना की। यह कदम तब उठाया गया जब भाजपा ने कांग्रेस पर इस पोस्ट के लिए निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान की कहानी को दोहरा रही है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस ने भारत के लोगों के दबाव के कारण अपने ₹सर तन से जुदा₹ इमेजरी ट्वीट को हटा दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹भारत के लोगों के दबाव में, कांग्रेस पार्टी ने अपना 'सर तन से जुदा' इमेजरी ट्वीट हटा दिया! इससे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी और पाकिस्तान समर्थक चरित्र नहीं छिप पाएगा!₹ भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भी कांग्रेस की तीखी आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान को गलत संदेश भेजने का आरोप लगाया था।

# सम्पादकीय

## दोहरे लाभ वाला बड़ा फैसला, सिंधु जल समझौते का स्थगन आतंक के खिलाफ त्वरित कूटनीतिक प्रतिक्रिया

भारत के लिए आवश्यक है कि वह इस संधि स्थगन के आलोक में अपनी प्राथमिकताएं तय करके उन पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़े। इसमें पहली प्राथमिकता बरसर और सावलकोट बांध परियोजनाओं के निर्माण एवं परिचालन की होनी चाहिए। इसके लिए 2030 तक चार मिलियन एकड़ फीट की भंडारण एवं निस्तारण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य तय किया जाए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उठाए गए जवाबी कदमों में सबसे अधिक चर्चा 1960 में हुए सिंधु जल समझौते के स्थगन की है। पाकिस्तान के साथ प्रत्यक्ष-परोक्ष युद्धों और निरंतर आतंकी हमलों के बाद भी भारत ने कभी इस समझौते से कदम पीछे खींचने का नहीं सोचा, जिससे उसे शायद ही कोई लाभ मिल पा रहा था।ऐसे में उसे स्थगित करने संबंधी भारत के दांव को महज त्वरित कूटनीतिक प्रतिक्रिया नहीं, अपितु राष्ट्रीय संसाधनों के नियंत्रण एवं उपयोग की रणनीति का नए सिरे से रेखांकन कहना कहीं अधिक उचित होगा। इसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे, जिससे जम्मू-कश्मीर और पंजाब में पानी की आपूर्ति-उपलब्धता सुधरेगी। तात्कालिक दौर पर भारत का यह कदम भले ही प्रतीकात्मक लगे, लेकिन दीर्घकाल में यह सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी नदियों पर बहुउद्देश्यीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में बहुत सहायक बनेगा। इस संधि से जुड़ी बाधाओं से मुक्ति के बाद देश को घरेलू फायदे के लिए पानी के उपयोग की गुंजाइश मिल गई है। यह नीतिगत परिवर्तन पश्चिमी नदियों के पानी को पूर्वी नदी प्रवाह तंत्र विशेषकर रावी और ब्यास से जोड़ने की राह खोलेगा, जिनका पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में खेती के लिए जीवनरेखा जैसा है। यदि सिंधु जल संधि के स्थगन को अपेक्षित रूप से अमल में लाया गया तो यह कदम राज्यों के बीच पानी को लेकर विवादों पर विराम लगाने के साथ ही नहर सिंचित कृषि की कायापलट करने वाला सिद्ध हो सकता है। संधि की स्थगन अवधि तमाम लंबित प्राथमिकताओं की पूर्ति का अवसर बन सकती है। संधि के प्रविधानों के चलते अधर में अटकी पनबिजली परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशी जाएं। संस्थागत क्षमताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञता के चलते एनएचपीसी को यह जिम्मा सौंपा जा सकता है। सिंधु की मुख्य धारा पर भी बहुउद्देशीय परियोजनाएं विकसित करने पर मंथन हो। इससे भारत के दोहरे हितों की पूर्ति होगी। एक तो भारत के विकास संबंधी एजेंडे को गति मिलेगी तो दूसरी ओर भू-राजनीतिक परिवेश में पाकिस्तान को कड़ा संदेश भी मिलेगा। इस संधि के अंतर्गत अभी तक भारत केवल 5.6 प्रतिशत पानी का ही उपयोग कर पा रहा था। चूंकि अब यह संधि स्थगित हो गई है, इसलिए बरसर बांध जैसी परियोजनाएं गति पकड़ सकती हैं। इसके जरिये 45,000 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

## आज का विचार







**मेष राशि:** मई महीने का पहला दिन मेष राशि के जातकों के लिए उम्मीद और आशा से भरपूर रहेगा. आपको कल अचानक ही लाभ का अवसर मिल सकता है या आपकी कमाई में वृद्धि हो सकती है. आप अपने काम में सफल होंगे और अपने सपनों को साकार कर पाएंगे.

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि वालों के लिए कल मई महीने के पहला दिन बहुत ही अच्छा रहेगा. आप अपने काम में सफल होंगे और आपका मनोबल कल ऊंचा रहेगा. आपको अपने विचारों और क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए इससे आपकी सफलता की संभावना बढ जाएगी.

**मिथुन राशि:** दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए खचीर्ला रह सकता है. आपको कल अपने कामकाज में भी सावधान रहने की जरूरत है. आपको अपने निजी जीवन में भी कुछ अनिश्चितताओं का सामना करना पड़ सकता है, जो आपको परेशान कर सकती है. आपको अपने व्यवसाय में कुछ अप्रत्याशित घटनाओं का भी सामना करना पड़ सकता है.

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए कल का दिन लाभकारी रहेगा. कल आपको अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी और आपको अपनी मेहनत का पूर्ण फल मिलेगा. आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा, नहीं तो कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों के लिए कल का दिन लाभकारी रहेगा. दिन का दूसरा भाग कल आपके लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा. कल आपको अपने रिश्तेदारों से लाभ और अच्छी खबर मिलेगी.

**कन्या राशि:** कन्या राशि वालों के लिए मई का पहला दिन उत्साहवर्धक रहेगा. कल आपको अपने काम में अपेक्षा से बढ़कर सफलता मिलेगी. आपको कल कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से भी सहयोग मिलेगा. कल आपको अपने निवेश में भी अच्छा मुनाफा मिलता दिख रहा है. आप अपने व्यापार में पैसा कमाने के कई रास्ते बना सकते हैं.

**तुला राशि:** 1 मई का दिन गुरु गोचर से कुछ उतार चढाव भरा रहेगा. आपको कल अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा. आपकी सोच और कार्यशैली को लेकर भी कल सवाल उठ सकते हैं इसलिए अपने काम पर कल फोकस बनाए रखें. आपके लिए सलाह है कि कल उतावलेपन में कोई भी निर्णय लेने से बचें नहीं तो परेशानी होगी.

**वृश्चिक राशि:** चुनौतियों से भरा रहेगा. आपको अपने काम में कल उलझन और बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है. आपको अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने की भी आवश्यकता हो सकती है. इससे कल आपको सफलता की राह में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा. कल आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखना होगा.

**धनु राशि:** दिन सफलता दायक रहने वाला है. कल आपको अपने सभी कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी और आपके प्रयासों के अच्छे परिणाम प्रदान करेंगे. कल आपको अपने निवेश से अच्छा रिटर्न मिल सकता है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी.

**मकर राशि:** मकर राशि के जातकों के लिए भाग्यशाली रहेगा. आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी. आपको अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है.

**कुंभ राशि:** पहला दिन उलझन वाला हो सकता है. आपको अपना काम सावधानी से करना होगा नहीं तो आपको अधिकारी वर्ग की नाराजगी का सामना करना होगा.


**मीन राशि:** कई मामलों में लाभकारी रहेगा. आपको कल मेहनत के साथ भाग्य का भी साथ मिलेगा. लेकिन कल आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा और क्रोध पर काबू करना होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# शत्रु न चैन से रहेगा-न रहने देगा, ठंडे दिमाग से पाकिस्तान का शर्तिया इलाज जरूरी

> नि:संदेह इतने बड़े देश में सब कुछ आदर्श स्थिति में नहीं हो सकता। पाकिस्तान ने जो गहन संकट खड़ा किया है उसके कारणों और उससे निपटने के तरीकों को लेकर असहमतियां-विवाद के साथ सरकार की आलोचना-निंदा भी होगी लेकिन आखिर यह समझने में क्या कठिनाई है कि निशाने पर हम सब हैं?

भारत के प्रति घृणा में डूबे पाकिस्तान ने पहलगाम में भीषण आतंकी हमला करा कर यही साबित किया कि वह न तो खुद चैन से रहेगा और न हमें रहने देगा। पहलगाम के पहले 2013 में नैरोबी के एक माल और 2016 में ढाका के एक कैफे में जिहादियों ने लोगों से कलमा (मुस्लिम होने की जरूरी निशानी) सुनाने की मांग कर हत्या की थी। क्या आतंक का मजहब होता है? इस पर बहस होती रहेगी, लेकिन इस पर बहस की गुंजाइश नहीं कि इन हमलों को अंजाम देने वाले मजहबी प्रेरणा से लैस थे। इसीलिए तो कई मुस्लिम नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले ने हमें शर्मिंदा किया, पर कुछ लोग यह साबित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं कि आतंकियों ने लोगों का मजहब नहीं पूछा। यह आतंकियों को क्लीनचिट देना है। यह काम पश्चिमी मीडिया भी बेशर्मी से कर रहा है। पश्चिम में शायद ही अधिकांश लोग इस सच से अवगत हों कि पहलगाम में लोगों को उनका मजहब पूछकर मारा गया। पश्चिमी मीडिया की जिहादियों का बचाव करने वाली इस करतूत की कीमत एक दिन पूरा पश्चिम चुकाएगा। पहलगाम हमले को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन आतंकियों का पता नहीं। साफ है कि उन्हें किसी ने शरण दे रखी होगी या फिर कोई उन्हें खाना-पानी दे रहा होगा। कोई स्थानीय उनका साथ न देता तो क्या इतना भीषण हमला होता?



यदि आतंकी मारे जाएंगे तो मामूली संतुष्टि ही मिलेगी। यदि पकड़े जाएंगे तो पाकिस्तान फिर से बेनकाब होगा, लेकिन उसकी बेशर्मी पर असर नहीं पड़ेगा। आखिर मुंबई हमले में कसाब के पकड़े जाने से भी उसकी सेहत पर असर नहीं पड़ा। यदि पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक या एयर स्ट्राइक की जाती है तो वह कुछ डरेगा, लेकिन फिर वही करेगा, जो उसने मुंबई, उड़ी, पठानकोट, पुलवामा और पहलगाम में किया। वह नए-नए तरीकों से हमले करेगा। जैसे उसने पहलगाम में किया। आम धारणा थी कि आतंकी सेना, पुलिस, कश्मीरी पंडितों, गैर कश्मीरियों और हिंदू तीर्थयात्रियों को ही निशाना बनाते हैं, लेकिन पर्यटकों को नहीं। इस बार उन्होंने पर्यटकों में हिंदू चुन कर मारे। एक मुस्लिम और एक ईसाई भी उनके हाथों मारे गए। शायद इसलिए, क्योंकि जिहादी अपने दुश्मनों के साथ वालों के बारे में यही मानते हैं कि वे भी उन्हीं में से हैं। इसीलिए अतीत में तमाम कश्मीरी मुस्लिम भी उनके निशाने पर आए। चूंकि यह मान लिया गया था कि आतंकी पर्यटकों को निशाना नहीं बनाते, इसलिए उनकी सुरक्षा पर जरूरी ध्यान नहीं दिया गया। सुरक्षा में चूक के जो सवाल उठ रहे, वे जायज हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे सवाल उठा रहे, जैसे सरकार ने पूरी चौकसी न बरतकर आतंकियों को पर्यटकों को मारने का लाइसेंस दे दिया। हर आतंकी हमले के पीछे कहीं न कहीं सतर्कता में कमी होती है। 9/11 के समय भी थी, 26/11 के वक्त भी थी और 22 अप्रैल को पहलगाम में भी थी। कश्मीर में चौकसी बढ़ाने से हमले कम तो हो सकते हैं, पूरी तरह खत्म नहीं होंगे। यह एक तथ्य है कि जम्मू-कश्मीर में रह-रहकर आतंकी हमले हो ही रहे थे। पाकिस्तानी सेना जब तक हिंदू भारत से घृणा पर पलती रहेगी, तब तक वह जिहादी भेजती रहेगी। लश्कर, जैश के जिहादी पाकिस्तानी सेना के बिना वर्दी वाले सैनिक ही हैं। पहलगाम हमले के बाद देश गुस्से में उबल रहा है, लेकिन पाकिस्तान का ठंडे दिमाग से शर्तिया इलाज करना होगा, ताकि फिर कभी मुंबई, उड़ी, पुलवामा, पहलगाम न हो। कोई भी दल या सरकार हो, उसे यह सोच बदलना होगा कि पाकिस्तान बिना होश ठिकाने आए सुधर जाएगा। सोच समूचे सरकारी तंत्र को भी बदलना होगा, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद पता चला कि कई पाकिस्तानी वीजा अवधि पूरी होने के बाद भी रह रहे थे। महाराष्ट्र में ऐसे कई मिल नहीं रहे और छत्तीसगढ़ में दो ने छल-छद्म से भारतीय पहचान हासिल कर ली। हमारा तंत्र जाने-अनजाने कैसे-कैसे खतरों की आराम से अनदेखी करता है, इसका उदाहरण है गुजरात में सैकड़ों अवैध बांग्लादेशियों का मिलना। ये अवैध तरीके से आए और इनमें से तमाम ने बंगाल में फर्जी भारतीय पहचान हासिल कर गुजरात में रोजगार पा लिया। देश में रोजी-रोजगार की यह कैसी कमी है कि उसे अवैध बांग्लादेशी पूरी कर रहे हैं? देश भर में लाखों अवैध बांग्लादेशी हों तो हैरानी नहीं। सरकारी तंत्र में आम भारतीय ही होते हैं। जो नहीं होते, उनकी स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं। किसी को पाकिस्तानी यूट्यूबरों पर प्रतिबंध का अफसोस है, किसी को सिधु जल समझौते के स्थगन का और किसी को पाकिस्तानी झंडे जलाए जाने का। यह क्या दशार्ता है? यही कि हममें शत्रुबोध की भारी कमी है। किसी अनदेखे खतरे से अनजान रहना समझ आता है, लेकिन जो शत्रु हमारे सामने है, हम पर बार-बार हमला कर रहा है, हमारी एकजुटता को तोड़ना चाहता है, उससे चौकन्ना न होना तो बबार्दी का निमंत्रण है। यदि हम सचेत होते और शत्रु के शैतानी-जिहादी इरादों को भांप रहे होते तो आज स्थिति दूसरी होती। स्थिति केवल सरकार, सेना और पुलिस आदि को ही नहीं बदलनी, हमें भी बदलनी है। नि:संदेह इतने बड़े देश में सब कुछ आदर्श स्थिति में नहीं हो सकता। पाकिस्तान ने जो गहन संकट खड़ा किया है, उसके कारणों और उससे निपटने के तरीकों को लेकर असहमतियां-विवाद के साथ सरकार की आलोचना-निंदा भी होगी, लेकिन आखिर यह समझने में क्या कठिनाई है कि निशाने पर हम सब हैं?

# शिक्षा एवं वैचारिक शक्ति राष्ट्र की ताकत

संजीव ठाकुर



हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं। विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

# समग्र नीति अपनाने से ही समस्या का समाधान

विजय गर्ग

मौसम के बदलाव के साथ देश की राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे घुटन और संत्रास का माहौल बन जाता है। इसका एक कारण खेतों में गेहूं की कटाई के बाद बची पराली को जलाना है। इस प्रक्रिया में निकलने वाला धुआं और घुटन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

पंजाब और हरियाणा के विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों के अवशेष जलाना केवल प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि बढ़ती हुई अराजक यांत्रिकता ने भी महानगरों का जीवन विषाक्त और घुटन भरा बना दिया है। इस यांत्रिकता से निपटने के लिए विस्तृत रणनीतियों की आवश्यकता है। असल में, पंजाब और हरियाणा के सीमांत किसान के पास फसल चक्र के चलते कृषि अवशेषों को नष्ट करने का समय नहीं होता। वे न तो निस्तारण के लिए मशीनें खरीदने के लिए तैयार होते हैं, न ही मशीनों को किराए पर लेने की उत्सुकता दिखाते हैं। किसान के लिए सबसे आसान तरीका यह होता है कि फसल के अवशेष जलाकर समय बचाया जाए। इन दिनों पंजाब-हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अवशेष जलाने के दृश्य आम हैं। किसान इसे सुविधाजनक पाता है और अतिरिक्त खर्च से बचता है। अब सवाल यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या होगा।

बैसाखी के बाद, जब गेहूं की फसल काटी जाती है, तो खेतों में बची नाड़ को निपटाने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस बार पंजाब सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य के लिए 500 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है, और पिछले साल से अधिक प्रभावी नाड़ जलाने पर नियंत्रण के अभियान चलाए जाएंगे। अब किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें अधिक सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जाएंगी और फसल अवशेष प्रबंधन के उचित उपाय किए जाएंगे। इसके तहत सीमांत किसानों के लिए नाड़ प्रबंधन मशीनों को किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। जो किसान इन मशीनों को खरीदना चाहें, उन्हें भारी सब्सिडी दी जाएगी। व्यक्तिगत रूप से किसानों को इन मशीनों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

यह पहल पंजाब सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण और कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसान भी अपनी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे और पर्यावरण पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

पंजाब के कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले साल फसल अवशेष प्रबंधन अभियान काफी सफल रहा, जिसमें 70 प्रतिशत सफलता हासिल की गई। हालांकि, यह सफलता पिछले वर्षों की तुलना में काफी बेहतर थी, लेकिन अवशेष जलाने को गंभीर अपराध न मानने के कारण इसे पूरी तरह से रोकने में सफलता नहीं मिली। कृषि विभाग का कहना है कि ?खेतों में अवशेष जलाने के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जरूरत है, और हर मामले में दोषियों को दंड मिलना चाहिए, ताकि यह समस्या स्थायी रूप से सुलझ सके।

पिछले साल सरकार ने 17,600 मशीनों की उपलब्धता और 1331 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की थी, जिससे किसानों को फसलों के अवशेष निपटाने के लिए आसानी से उपकरण मिल सकें। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह उपलब्धि पर्याप्त है? पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्यों में मशीनों की सुलभता और कम किराए पर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है

# 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी देवेन भारती बने मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर

## बिहार में दरभंगा के हैं रहने वाले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र सरकार ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी देवेन भारती को मुंबई का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। देवेन भारती कई बड़े मामलों की जांच कर चुके हैं।इनमें 26/11 मुंबई आतंकी हमला भी शामिल है। वे विवेक फणसालकर की जगह लेंगे।जो 35 साल की शानदार नौकरी के बाद रिटायर हो रहे हैं। देवेन भारती आज शाम को मुंबई पुलिस कमिश्नर का पद संभालेंगे।राज्य के गृह विभाग ने भारती की नियुक्ति की पुष्टि कर दी है। हालांकि एक अधिकारी ने बताया कि इस पद को अब अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक का कर दिया गया है।मुंबई



पुलिस कमिश्नर का पद आमतौर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक का होता है।लेकिन कुछ समय पहले इसे महानिदेशक( डीजी ) लेवल तक बढ़ा दिया गया था।1994 बैच के आईपीएस अधिकारी भारती अभी मुंबई के स्पेशल कमिश्नर हैं।2014 से 2019 के बीच जब देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री थे, तब भारती मुंबई के सबसे ताकतवर आईपीएस अधिकारियों में से एक माने जाते थे।उस समय वे जॉइंट कमिश्नर ( लॉ एंड ऑर्डर ) थे।

# सीएम फडणवीस की लाडली को 10वीं में मिले 92.60 प्रतिशत अंक

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की बेटी दिविजा ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किया हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज 30 अप्रैल को आधिकारिक आवास वर्षा बंगलें में गृहप्रवेश किया।इस विशेष मौके की तस्वीरें उनकी पत्नी अमृता फडणवीस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स (ट्विटर) पर साझा की हैं। गौरतलब है कि पिछले पांच महीनों से मुख्यमंत्री फडणवीस सागर बंगलें में रह रहे थे। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी दिविजा की 10वीं की बोर्ड परीक्षा के चलते उन्होंने वर्षा बंगलें में फि लहाल न जाने का निर्णय लिया था।साथ ही, वहां कुछ मरम्मत का कार्य भी बाकी था।उन्होंने पहले ही कहा था कि परीक्षा समाप्त होने के बाद ही वह नए बंगलें में शिफ्ट होंगे। आज गृहप्रवेश के दिन एक और सुखद संयोग यह रहा कि उनकी बेटी दिविजा फडणवीस का 10वीं कउरए बोर्ड का परीक्षा परिणाम भी आया। दिविजा ने इस परीक्षा में 92.60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।इस बारे में जानकारी खुद अमृता फडणवीस ने दी है।सीएम फडणवीस की इकलौती बेटी दिविजा मुंबई के फोर्ट इलाके में स्थित कैथेड्रल स्कूल से पढ़ाई कर रहीं थीं। इस साल दिविजा ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें उन्हें शानदार सफलता मिली और पूरे परिवार को गर्व का अनुभव कराया है।अमृता फडणवीस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम बहुत खुश हैं। हमारी बेटी दिविजा ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 92.60 फीसदी अंक हासिल किए हैं।बता दें कि काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने बुधवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए।

# अंग्रेजों ने लूटी थी मराठा सेना के योद्धा रघुजी भोसले की तलवार

## महाराष्ट्र ने नीलामी में खरीदी गौरवशाली धरोहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मराठा साम्राज्य के विस्तार में आमूल्य योगदान देने वाले राजे रघुजी भोसले की तलवार को नीलामी में खरीद लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मराठा साम्राज्य की यह धरोहर फिर से वापस मिलने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि नागपुर के भोसले परिवार के संस्थापक लंदन में नीलाम हुई ऐतिहासिक तलवार राज्य सरकार ने खरीद ली है। फडणवीस ने लिखा है कि हमारे मराठा साम्राज्य की मूल और ऐतिहासिक धरोहर अब महाराष्ट्र में आएगी। पिछले साल जुलाई में 350 सालों बाद छत्रपति शिवाजी महराज के बाघ नख को भारत वापस आए थे। फडणवीस ने लिखा कि छत्रपति शाहू महाराज के समय में रघुजी भोसले मराठा सेना में एक महत्वपूर्ण नेता थे। अपनी युद्ध नीति और शौर्य से प्रसन्न होकर छत्रपति शाहू महाराज ने उन्हें 'सेनासाहेबसुभा' की उपाधि दी थी। रघुजी भोसले ने मराठा साम्राज्य का बंगाल, ओडिशा तक विस्तार किया था, 1745 में बंगाल के नवाबों के खिलाफ युद्ध अभियान चलाया था। दक्षिण भारत में भी उन्होंने अपना सैन्य और राजनीतिक दबदबा बना लिया था।इजरायल के बाद एक और शक्तिशाली देश ने किया भारत के समर्थन का ऐलान, संसद में की कई पहलगाम आतंकी हमले की निंदा भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच बड़ी सैन्य तैयारी में बांग्लादेश, ब्रिटेन में खुफिया चीफ, म?यांमार में हमला करने जा रहे सेना प्रमुख ? 'वह कहां गायब हैं?'

## ऑपरेशन अमानत : यात्रियों की सुरक्षा में आरपीएफ का सराहनीय कदम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।भारतीय रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने ₹ऑपरेशन अमानत₹ अभियान का शुभारंभ किया है।यह अभियान खासतौर पर यात्रा के दौरान खोए हुए सामान की तलाश और उसे सही मालिक तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया गया है।इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस अभियान के तहत वर्ष 2025, में 24 अप्रैल तक 276 यात्रियों के खोए हुए सामान किमत 49 लाख 07 हजार 294 रुपए बरामद कर वापस लौटाया गया हैं।

मुख्य पहलः-

1) समानों की सूचीबद्धता और प्रबंधनः- रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में खोए हुए सामान को सही तरीके से दर्ज किया जाता है।रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2025 में 24 अप्रैल तक लगभग 276 यात्रियों के खोए हुए सामान किमत 49,07,294 रुपए बरामद किया है, जिनमें बैग, लैपटॉप, मोबाइल फोन, घड़ियाँ और अन्य मूल्यवान सामान उनके मालिकों तक पहुँचाया है।

2) सुरक्षित वापसीः- खोए हुए सामान को उसके असली मालिक तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली बनाई गई है।यात्रियों को उनकी खोई हुई वस्तु की जानकारी दी जाती है, और उन्हें सामान को प्राप्त करने के लिए स्टेशन पर बुलाया जाता है।

3) जन जागरूकताः- यात्रियों को उनके सामान के खोने से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

ऑपरेशन अमानत अभियान से आरपीएफ यह सुनिश्चित कर रहा है कि यात्रियों का खोया हुआ सामान सुरक्षित रूप से वापस उन्हें मिल सके और रेलवे यात्रा के अनुभव को और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

# शाह से इस्तीफा लें प्रधानमंत्री', संजय राउत की सीधी डिमांड

## इंदिरा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री का दिया हवाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। इस घटना से पूरे देश में दुख और गुस्सा है।उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने इस हमले को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं।उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की है।

मुंबईः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। इस घटना से पूरे देश में दुख और गुस्सा है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने इस हमले को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की है।राउत ने कहा कि कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय और सेना की है।इसलिए अगर कार्रवाई करनी है तो प्रधानमंत्री को गृह मंत्रालय पर करनी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि सरकार की गलतियों का समर्थन नहीं किया जाएगा।

सरकार बार-बार गलतियां कर रही है, यह नहीं चलेगा।उन्होंने अमित शाह का इस्तीफा मांगा है।उन्होंने कहा कि अगर उनकी जगह उनका कोई मंत्री होता तो वे भी इस्तीफा मांगते।राउत ने कहा कि विपक्ष का काम ही सवाल उठाना है, इसमें गलत क्या है? उन्होंने सर्वदलीय बैठक को बेकार बताते हुए कहा कि कश्मीर पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।राउत ने आरोप लगाया कि सरकार कश्मीर और मणिपुर पर बात नहीं करना चाहती।

संजय राउत ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सिर्फ ताली बजाने से कुछ नहीं होगा।उन्होंने मांग की कि विशेष सत्र बुलाया जाए और दो दिन कश्मीर पर चर्चा हो।

उन्होंने कहा कि हमले की जिम्मेदारी लेने वाले गृह मंत्रालय पर कार्रवाई होनी चाहिए।राउत ने कहा कि 27 लोग सरकार की लापरवाही के शिकार हुए हैं। उन्होंने इसे सरकार की ओर से नरबलि बताया। उनके अनुसार, सरकार की लापरवाही के कारण इतने लोगों की जान गई। राउत ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय हमला क्यों नहीं किया गया?

उन्होंने सवाल उठाया कि पुलवामा में 40 जवान मारे गए, उन्हें किसने मारा? राउत ने राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान का हवाला देते हुए कहा कि मलिक ने बार-बार कहा था कि जवानों को सड़क मार्ग से न ले जाया जाए।राउत ने कहा कि अगर कोई कहे कि सरकार जवानों को राजनीतिक फायदे के लिए मरवाना चाहती थी, तो उसे देशद्रोही कहा जाएगा। संजय राउत ने सर्जिकल स्ट्राइक पर तंज कसते हुए कहा कि वे तो गली-गली में सर्जिकल स्ट्राइक करते हैं। उन्होंने कहा कि वे 50 सालों से विरोधियों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर रहे हैं।

राउत ने कहा कि हमला इंदिरा गांधी ने किया था और हमला लाल बहादुर शास्त्री ने किया था।हम इसे हमला कहते हैं। इस बीच प्रधानमंत्री ने सर्वदलीय बैठक में शामिल न होकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम को रद्द नहीं किया।

वह बिहार में एक चुनाव प्रचार बैठक में गए थे।राहुल गांधी ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम रद्द कर दिया। राउत ने यह भी कहा है कि जो लोग अमेरिका से आकर कश्मीर गए हैं, उन्हें अपने कार्यक्रम रद्द कर देने चाहिए या चुप रहना चाहिए।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी समर स्पेशल ट्रेनें

मुंबई सेंट्रल एवं कटिहार के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।इसके अलावा, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों को वर्तमान संरचना, समय और ठहराव आदि पर विशेष किराये के साथ विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

**पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:**

1. ट्रेन संख्या 09067/09068 उधना जयनगर साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल [8 फेरे]

ट्रेन संख्या 09067 उधना-जयनगर स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.50 बजे जयनगर पहुंचेगी। यह ट्रेन 4 मई से 25 मई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09068 जयनगर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23.50 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 12.15 बजे उधना पहुंचेगी।

2. ट्रेन संख्या 09069/09070 उधना-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल [10 फेरे]

ट्रेन संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को उधना से 20.35 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 02.35 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 3 मई से 31 मई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर से 05.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.00 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 मई से 2 जून, 2025 तक चलेगी।यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छेवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशनों पर रुकेगी।इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

# ऑपरेशन यात्री सुरक्षा: यात्रियों के समान की सुरक्षा में आरपीएफ का सराहनीय कदम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर 30 अप्रैल। भारतीय रेलवे में यात्रियों के सामान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा यात्री समान की चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाये है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर आयोजित विशेष अभियानों और कार्रवाईयों के चलते अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई है, जो कि यात्री समान की चोरी के मामलों में शामिल थे। रेलवे सुरक्षा बल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और उनके समान की सुरक्षा करना है।इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस अभियान के तहत वर्ष 2025 में 26 अप्रैल तक यात्री समान की चोरी एवं लूट के 31 प्रकरण हल करते हुये 18,41,490/- रुपए की चारी गई सम्पत्ति बराबद कर 38 व्यक्तियों को गिरफतार किया है।ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने की कार्यवाही :- आरपीएफ कटनी ने 26 अप्रैल 2025 को कटनी मुड़वारा स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। रेलवे सुरक्षा बल कटनी द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया तथा मामले में पूछताछ करने पर उक्त पकड़े गये व्यक्ति द्वारा दिनांक 15-04-2025 को गाड़ी संख्या 11072 कामायनी एक्सप्रेस में एक लाल रंग का बैग चोरी करने की जानकारी प्राप्त हुई।पकड़े गये व्यक्ति के निशानदेही पर चोरी किया गया लाल बैग बरामद किया गया जिसमें से सोने चांदी के जेवरात, एटीएम, कपड़े बरामद किये गये जिसकी कुल किमत 1,50,000/- रुपए पायी गयी। उक्त प्रकरण में व्यक्ति एवं संपत्ति सहित जीआरपी कटनी को सुपर्द किया गया। जिसके विरूद्ध दिनांक 26-04-2025 को प्रकरण दर्ज किया गया साथ ही पूर्व में भी उक्त व्यक्ति के विरूद्व अन्य 12 मामलों में प्रकरण दर्ज है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे अपने समान की सुरक्षा करने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत आरपीएफ को दें।

# IRCTC द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट पर भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा आला हेरिटेज टूर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



IRCTC की विशेष टूर पेशकश में रायगढ़ किला, पुणे (लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि), शिवनेरी किला, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, प्रतापगढ़ किला और कोल्हापुर (महालक्ष्मी मंदिर और पन्हाला किला) शामिल हैं।

बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट टूर 09 जून, 2025 को रवाना होने के लिए तैयार है।

05 रातों और 06 दिनों की यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से शुरू होगा।

अत्याधुनिक भारत गौरव एसी टूरिस्ट ट्रेन जिसमें स्लीपर, एसी ककक टियर और एसी-कक टियर कोच हैं, जिसमें कुल 748 पर्यटकों को समायोजित करने की क्षमता है।

पर्यटक इस टूरिस्ट ट्रेन में दादर और ठाणे रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकते हैं।

आईआरसीटीसी 'छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट' पर अपनी तरह का पहला हेरिटेज टूर संचालित करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को कवर करेगा।

पहले दिनः छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कोंकण रेलवे नेटवर्क पर मानगांव रेलवे स्टेशन के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है।पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक या राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी जहां से उन्होंने शासन किया था। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर, पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे में होटल में रात बिताएंगे।

दूसरे दिनः जैसा कि नाम से पता चलता है, लाल महल एक लाल रंग का महल है जिसे छत्रपति शिवाजी के पिता शाहजी भोसले ने 1630 ई. में अपनी पत्नी जीजाबाई और बेटे के लिए बनवाया था। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था जहाँ लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है।पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की माँ जीजाबाई ने बनवाया था।तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे - छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क।पर्यटक मराठा शासक की जीवन कहानी को 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे।पुणे में रात्रि विश्राम के बाद

तीसरे दिनः मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे, जो पुणे शहर से 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।शिवनेरी किला जुन्नार शहर के ऊपर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है।यह छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म स्थान है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है।दोपहर के भोजन के बाद, पर्यटक रात के विश्राम के लिए पुणे लौटने से पहले 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दौरा करेंगे।

चौथे दिनः पर्यटक सतारा की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार होंगे।इस स्टेशन से कवर किया जाने वाला मुख्य स्थल प्रतापगढ़ किला है जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ के युद्ध के कारण ऐतिहासिक महत्व रखता है।इस युद्ध ने मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए मंच तैयार किया था।यात्रा के बाद, पर्यटक एक उपयुक्त स्थान पर दोपहर का भोजन करेंगे और वापस ट्रेन के लिए रवाना होंगे क्योंकि यह इस दौरे के अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ेगी।5वें दिनः ट्रेन सुबह-सुबह छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।नहाने-धोने और होटल में नाश्ता करने के बाद पर्यटक अंबाबाई के नाम से लोकप्रिय महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे और उसके बाद पन्हाला किला देखेंगे।सह्याद्री पर्वतमाला के ऊपर स्थित यह पहाड़ी किला कई लड़ाइयों का गवाह है और छत्रपति शिवाजी महाराज से इसका गहरा संबंध है, जिन्होंने 500 से अधिक दिन वहां बिताए थे जहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था और बाद में वे भाग निकले थे।पन्हाला किला - जिसे 'सांपों का किला' भी कहा जाता है क्योंकि यह आकार में टेढ़ा-मेढ़ा है।

# प्रेम प्रसंग का खौफनाक अंत

## मुजफ्फरनगर के युवक की डंडे से पीटकर हत्या, एक आरोपी हिरासत में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बागपत, बिनौली के मुकीमपुरा गांव में एक प्रेम प्रसंग ने खौफनाक मोड़ ले लिया। मुजफ्फरनगर के इटावा गांव निवासी अनिल की मंगलवार रात डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई।अनिल अपने भाई की ससुराल मुकीमपुरा गांव आया था।रात में घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी मौके पर पहुंची।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर बिनौली सीएचसी भेजा, जहां से पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया गया। मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं।सिर पर कई चोट के निशान हैं और नाक से खून बह रहा था।

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना सं. EPC_BRC_SnT_02 का शुद्धिपत्र, कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के सुरत–अहमदाबाद और वडोदरा–गोधरा अनुभाग में CTC (केंद्रीयकृत ट्रेन नियंत्रण प्रणाली) प्रणाली की डिजाईन, आपूर्ति, संस्थापन, परिक्षण एवं कमीशनींग करने का कार्य । प्रकाशन के लिए शुद्धिपत्र NIT का विवरण निम्नानुसार है : **निविदा सं. EPC_BRC_SnT_02, निविदा बंद होने की तिथि समय: विद्यमान वस्तु** – 08/05/2025 (15:00 बजे IST) **संशोधित वस्तु – 23/05/2025 (15:00 बजे IST)** निविदा वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकेगी ।

BRC-017

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में परिमंडल - III में एच/पूर्व वार्ड से 01 प्रस्ताव और एच/पश्चिम वार्ड से 01 प्रस्ताव आदि मिलाकर कुल 02 प्रस्तावों को महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (6) अंतर्गत वृक्ष निष्कासन हेतु मा. म.न.पा. आयुक्त/अध्यक्ष वृक्ष प्राधिकरण समिति की मंजूरी प्राप्त हुई है.

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी म.न.पा. की वेबसाइट → www.mcgm.gov.in → About us → ward/Department → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Docs → Tree Permission 21 days → 386 (H/East), 387 (H/W) – Zone – 3 इस लिंक पर उपलब्ध हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,**

**2री मंजिल, हंबोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग, वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय, संत सावता माली मार्ग,**

**भायखला (पूर्व), मुंबई – 400 027**

**दूरभाष क्र. 23742162**

**ईमेल : dysg.ta@mcgm.gov.in**

हस्ता./-

पीआरओ/292/विज्ञा./2025-26 — उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

# पहल : आमदार कुमार आयलानी के कार्यालय में नवीन राशन कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. माह के प्रथम सोमवार के अंतर्गत नागरिकों के आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण कैंप के आयोजन के तहत 7 अप्रैल को आमदार कुमार आयलानी के जनसंपर्क कार्यालय में राशन कार्ड, वरिष्ठ नागरिक कार्ड व डोमिसाइल सर्टिफिकेट बनाने के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने आकर राशन कार्ड, सीनियर सिटीजन कार्ड, डोमिसाइल प्रमाण पत्र आदि के लिए फॉर्म भरे थे।सोमवार 28 अप्रैल को उन्हीं बने हुए कार्डों को आमदार कुमार आयलानी और अन्य मानवरों के हाथों संबंधित नागरिकों में वितरित किए गए।सोमवार को जिन लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त हुए,उन्होंने आमदार कुमार आयलानी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।बिना किसी मूल्य और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाए उन्हें राशन कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र मिलने पर वे प्रसन्न दिखाई दिए।इस अवसर पर कुमार आयलानी द्वारा एक बार फिर यह अपील की गई है कि राशन कार्ड बनवाने, नया नाम जुड़वाने या ऑनलाइन करने के लिए 141 विधानसभा उल्हासनगर क्षेत्र के नागरिक उनके जनसंपर्क कार्यालय में माह के प्रथम सोमवार को आकर शिविर का लाभ लें। सोमवार को प्रमाणपत्र व राशनकार्ड वितरण समारोह के दौरान मनपा के पूर्व स्थायी समिति सभापति राजेश वधारिया, अमित वाधवा, मंगला चांडा, उमेश सोनार, स्नेहा काकड़े, प्रतीक्षा अम्ब्रित, अनीता शर्मा आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बड़ी कार्यवाही :अंबरनाथ पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 09 बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार

## अंबरनाथ पश्चिम के सर्वोदय नगर से 5 पुरुष और 4 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. ठाणे पुलिस द्वारा अवैध रूप से रहे बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध धरपकड़ के तहत अंबरनाथ पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही के तहत अंबरनाथ पश्चिम के सर्वोदय नगर स्थित सृष्टि हिल सोसाइटी से 09 बांग्लादेशी नागरिकों जिनमें 5 पुरुष और 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास 5 मासूम बच्चे भी हैं। पुलिस को इनके पास किसी भी प्रकार का वैध भारतीय दस्तावेज नहीं मिला बल्कि इनके मोबाइल की जांच में बांग्लादेश की नागरिकता के प्रमाण भी मिले है। इन्होंने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि वो पिछले चार वर्षों से यहां रह रहे हैं। पुलिस सभी बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ कर रही है कि उनका किसी आपराधिक क्रियाओं में हाथ तो नहीं हैं। वो इतने वर्षों से किसकी पनाह से रह रहे हैं। उक्त जानकारी अंबरनाथ पुलिस ने बुधवार 30 अप्रैल को एक प्रेस नोट के माध्यम से उपलब्ध करवाई है।




पुलिस कार्यवाही में पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों के नाम हैं- आलमीन यूसुफ शेख (पु.40 वर्ष), आरीफुल अफसर शेख (पु. 31 वर्ष), आलीनूर दाऊद विश्वास (पु. 44 वर्ष), रब्बी आलमीन शेख (पु.18 वर्ष), मनीर जबदुर सत्तार (पु. 35 वर्ष), शबोना रसेल खान (म.26 वर्ष), नर्गिस आलमीन शेख (म.40 वर्ष), आफिया मीनार सदल (म.26 वर्ष), हाफिजा शरीफूल मुल्ला (म.26 वर्ष)। उक्त कार्यवाही ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डूंबरे के निदेर्शानुसार निम्न लिखित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की देखरेख में हुई है।

पुलिस निरीक्षक किशोर शिंदे (गुन्हे), प्रभारी पुलिस निरीक्षक राजेश गज्जल, सहायक पुलिस निरीक्षक विजय काजरी,पुलिस उपनिरीक्षक नागेश्वर मुंडे,सहायक पुलिस उप निरीक्षक जितेंद्र चव्हाण आदि प्रमुख हैं। अंबरनाथ पुलिस विभाग के इस कार्य की चारों ओर तारीफ हो रही है।

फास्ट ट्रैक

# बिल्डर के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मुंब्रा-कौसा के चांद नगर इलाके में मुजम्मिल टॉवर में इमारत और उसके निवासियों को अवैध रूप से बिजली की आपूर्ति करने के आरोप में टोरेंट पावर कंपनी ने इमारत के बिल्डर सलमान खान के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया है।पुलिस में यह अपराध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज किया गया है।टोरेंट पावर कंपनी की विजिलेंस टीम ने जब मुजम्मिल बिल्डिंग की बिजली आपूर्ति का निरीक्षण किया तो पता चला कि बिजली वितरण कंपनी के फ्यूज सेक्शन पिलर से अनाधिकृत केबल जोड़कर बिना बिजली मीटर के सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था। सतर्कता दल द्वारा की गई कार्यवाही में एक अनाधिकृत विद्युत कनेक्शन काटा गया, एक अनाधिकृत केबल जब्त की गई तथा सलमान खान के खिलाफ 3 लाख 29 हजार 341 रुपये की विद्युत चोरी का मामला दर्ज किया गया , क्योंकि यह पाया गया था कि लगभग 10,354 यूनिट बिजली चोरी की गई थी।

# अक्षय तृतीया पर जलालाबाद में परशुराम जयंती

## केंद्रीय मंत्री ने की पूजा, भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , जलालाबाद में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। परशुराम मंदिर से शुरू हुई यात्रा में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भी हिस्सा लिया। मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया। यात्रा में गणेश जी, राधा-कृष्ण, राम दरबार समेत कई देवी-देवताओं की झांकियां शामिल थीं। काली अखाड़े के साथ बैंड-बाजों ने यात्रा की शोभा बढ़ाई। शोभायात्रा का मार्ग परशुराम मंदिर से शुरू होकर गंगा बुक डिपो, सदर बाजार, फरुर्खाबाद-जलालाबाद स्टेट हाईवे मेन चौराहा, पानी वाली टंकी और तहसील रोड होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त हुआ। रास्ते में श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए। दुर्गा मंदिर पर सर्वेश शर्मा ने भक्तों को नींबू का शरबत पिलाया। कार्यक्रम में मनमोहन द्विवेदी, विनोद चंद्र शर्मा, विजय मिश्रा, हरी ओम गुप्ता, सन्नी गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, राम अग्निहोत्री, दिलीप अग्निहोत्री, मीनू शुक्ला और पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम पाल गुजर सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कलान में नाबालिग की जबरन शादी कराने का मामला

## लड़की ने माता-पिता और ससुराल वालों के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने माता-पिता और ससुराल पक्ष के खिलाफ जबरन शादी का मामला दर्ज कराया है।थाना परौर में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है।गढ़ी पश्चिमी थाना कांट की रहने वाली लड़की ने बताया कि उसके माता-पिता ने उसकी मर्जी के खिलाफ शादी कर दी।उसके पिता चंद्रहास और माता बिट्टी देवी ने 16 अप्रैल 2025 को गढ़ी खजुरी थाना परौर निवासी सुधीर सिंह से उसकी शादी करा दी।शादी का कार्यक्रम पीड़िता के पिता के घर गढ़ी पश्चिमी में हुआ।शादी के बाद लड़की को सुधीर सिंह, उनके पिता नरेंद्रपाल सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भेज दिया गया।पीड़िता ने 29 अप्रैल 2025 को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# उप निदेशक सूचना रवि गीते की सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय के कोंकण प्रभाग के सूचना उप निदेशक रवि गीते आज सेवानिवृत्त हो गए। पत्रकारिता और सरकारी सेवा में उनके चार दशकों के उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में नवी मुंबई के कोंकण भवन में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कोंकण आंचलिक स्वीकृति समिति के अध्यक्ष मनोज जालनावाला, ठाणे के जिला सूचना अधिकारी मनोज सानप, रायगढ़ की जिला सूचना अधिकारी मनीषा पिंगले, सहायक निदेशक संजीवनी जाधव-पाटिल, उप संपादक प्रवीण डोंगरदिवे, कोंकण आंचलिक सूचना कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी तथा पत्रकार उपस्थित थे। रवि गीते ने अपने करियर की शुरूआत प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से की थी।उन्होंने लोकपत्र, नवराष्ट्र और सामना जैसे प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में काम किया। उनकी पत्रकारिता उनकी सामाजिक जागरूकता, भाषा पर प्रभुत्व और सचेत दृष्टिकोण के कारण पाठकों के बीच लोकप्रिय हुई।उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय में कार्य करते हुए इस अनुभव का उपयोग किया। उन्होंने अपनी सरकारी सेवा महाराष्ट्र परिचय केंद्र, नई दिल्ली में सहायक निदेशक के रूप में शुरू की।इसके बाद उन्होंने चंद्रपुर, गढ़चिरौली, भंडारा, गोंदिया, नागपुर और वर्धा जिलों में जिला सूचना अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने प्रशासन और मीडिया के बीच समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।ईमानदारी, निष्ठापूर्वक सेवा और जनसंपर्क कौशल श्री. गीतेकी कार्यशैली के विशेष पहलू थे।कार्यक्रम में उपस्थित उनके सहकर्मियों ने उनकी कार्यशैली, सौम्य व्यवहार और एक मार्गदर्शक के रूप में उनके निरंतर योगदान की प्रशंसा की।गीते ने 'स्वास्थ्य के प्रति जागरूक' और 'तत्काल निर्णय लेने की क्षमता' जैसे विभिन्न विशेषणों का प्रयोग करके अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंत में रवि गीते ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभवों को याद करते हुए कहा कि पत्रकारिता और प्रशासन दोनों ही क्षेत्रों में मुझे समाज से सीधा संपर्क करने का अवसर मिला है।

# ठाणे और नवी मुंबई स्टेशनों पर मानसून-पूर्व कार्य यथाशीघ्र शुरू करें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, सांसद नरेश म्हस्के ने बुधवार को ठाणे रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों, मानसून पूर्व विकास कार्यों और सिडको से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए रेलवे अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। रेलवे स्टेशनों, रेलवे की समस्याओं, रेलवे की प्रगति, भविष्य के कार्यों और चल रहे कार्यों पर चर्चा करने के लिए मध्य रेलवे के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में सांसदों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद नरेश म्हस्के, रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना और डीआरएम हरीश मीना, रेलवे के विभिन्न अधिकारी और सांसद वर्षा गायकवाड़, सांसद श्रीरंग बार्ने, सांसद धैर्यशील पाटिल, सांसद चंद्रकांत हंडोरे, सांसद रामभाऊ वाजे और बाला गावस ,संजय कुलकर्णी आदिउपस्थित थे।बैठक में कहा गया कि जल्द से जल्द ठाणे रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास करना चाहिए।ठाणे रेलवे स्टेशन पर चल रहा छत का काम बारिश शुरू होने से पहले पूरा हो जाना चाहिए।इससे बरसात के मौसम में यात्रियों को होने वाली असुविधा से बचा जा सकेगा। बरसात के मौसम में बाढ़ से बचने के लिए जल निकासी का कार्य और प्लेटफॉर्म की सफाई भी की जानी चाहिए। ठाणे रेलवे स्टेशन पर मुम्बई की ओर एक और एफओबी का निर्माण किया जाना चाहिए जो प्लेटफार्म 1 से 7/8 को जोड़ेगा तथा पूर्व-पश्चिम कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। ठाणे रेलवे स्टेशन पर आधे टूटे हुए एफओबी का पुनर्निर्माण



जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।(प्लेटफार्म क्रमांक 5 से 10 ए) रेलवे स्टेशन (बांड चाल) एवं आस-पास के घरों (बी केबिन) के निवासी जो लगभग 59 वर्षों से रेलवे स्टेशन में रह रहे हैं, उन्हें चर्चा के लिए बुलाया गया। सांसद नरेश म्हस्के ने बैठक में कहा, मानवीय दृष्टिकोण से हमसे परामर्श किए बिना कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए।सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि रेलवे के संदर्भ में निर्णय लेते समय जनप्रतिनिधियों पर भरोसा करना जरूरी है और इसलिए रेलवे को जनप्रतिनिधियों के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में स्टेशन-मुक्त अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लेना चाहिए।सिडको और रेलवे प्रशासन के बीच समन्वय की कमी के कारण नवी मुंबई रेलवे स्टेशन का विकास ठप हो गया है। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि बैठक में सिडको और रेलवे के बीच समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द मुद्दों को सुलझाने का निर्णय लिया गया।

# आयुष्मान कार्ड के बावजूद इलाज में खर्च करने पड़े रुपए

- शाहजहांपुर में राजमिस्त्री की मौत, परिवार को लेना पड़ा 4 लाख का कर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद 20 दिन तक चले इलाज के बाद 32 वर्षीय राजमिस्त्री विपिन की मौत हो गई। विपिन 10 अप्रैल को काम से घर लौट रहे थे। मोहम्मदी रोड पर सल्लिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।गंभीर हालत में उन्हें पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।वहां से उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद इलाज में कुल 8 लाख रुपये खर्च हुए। इसमें से 4 लाख रुपये परिवार को अलग से व्यवस्था करनी पड़ी। थाना सिंधौली क्षेत्र के तियूलक गांव के रहने वाले विपिन के परिवार ने 3 लाख रुपये



5 प्रतिशत ब्याज पर लिए। एक लाख रुपये रिश्तेदारों से उधार लेने पड़े। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने दवाइयों के नाम पर अतिरिक्त खर्च करवाया। करीब 10 साल पहले विपिन की शादी हुई थी।उनकी कोई संतान नहीं थी।उनकी मौत से परिवार में शोक की लहर है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवक ने की आत्महत्या

## एक दिन से लापता था, मैदान में मिला फांसी से लटका शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मौजमपुर गांव के रहने वाले 30 वर्षीय मनोज मंगलवार शाम से लापता थे।बुधवार सुबह उनका शव रोड किनारे मैदान में फांसी के फंदे पर लटका मिला। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले शव को देखा और परिवार को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार,



मनोज मंगलवार शाम को बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे।जब वह रात भर घर नहीं लौटे तो परिवार ने उनकी तलाश की। परिवार का कहना है कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था।उन्हें आत्महत्या के कारणों की कोई जानकारी नहीं है।पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है।

# तीन भाइयों को गोली मारने का मामला

## एक की मौत के बाद परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग कर लगाया जाम, पुलिस ने समझाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पहले तीन भाइयों पर हमला हुआ।अजीजगंज मोहल्ले में दबंगों ने अखिलेश, जीतेंद्र और कमलेश को गोली मार दी। इस हमले में कमलेश की मौत हो गई। परिजन कमलेश के शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर रहे हैं।वे शव को सड़क पर ले जा रहे थे। मकान के बाहर तैनात पुलिस ने शव को रोक लिया। इससे नाराज महिलाएं गर्रा पुल के पास पहुंच गईं और वहां जाम लगा दिया। महिलाएं आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं।पुलिस कार्रवाई का आश्वासन दे रही है।थाने



की पुलिस पहले से मौजूद थी। अतिरिक्त पुलिस बल को भी बुलाया गया है। पुलिस टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही हैं। घटना में घायल जीतेंद्र का लखनऊ में इलाज चल रहा है।तीसरे भाई अखिलेश को राजकीय मेडिकल कॉलेज से छुट्टी मिल गई है।

# दो भाइयों की मौत, एक ही परिवार में दोहरा मातम

## पोती का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे, कार ने बाइक को टक्कर मारी; बेटी का तिलक भी था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। रामनिवास और रवकेश अपने भतीजे निलेश की एक महीने की बेटी का अंतिम संस्कार करने रामगंगा जा रहे थे।रामगंगा पुल पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। 45 वर्षीय रामनिवास की



मौके पर ही मौत हो गई।30 वर्षीय रवकेश को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।दोनों भाई मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।रामनिवास के तीन बच्चे हैं।उनकी बेटी का आज ही तिलक होना था।रवकेश की पत्नी गीता और तीन बच्चे हैं।पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कार चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।एक ही दिन में दो मौतों से पूरा परिवार सदमे में है।

# बाबा साहब के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर

## शाहजहांपुर में भाजपा सांसद का धरना, कहा- दलितों का अपमान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, भाजपा सांसद अरुण सागर ने अंबेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया।उनके साथ जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा और महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।विवाद की जड़ बाबा साहब अंबेडकर की एक तस्वीर है। इस तस्वीर में उनका आधा चेहरा हटाकर समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का आधा चेहरा जोड़ दिया गया है। सांसद ने कहा कि यह संविधान निमार्ता का अपमान है।सांसद ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी का इतिहास दलितों के विश्वासघात से भरा है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं।बाबा साहब किसी एक जाति या पार्टी के नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे।दलित समाज देगा जवाब धरना स्थल पर




भाजपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी की। सांसद ने सवाल उठाया कि समाजवादी पार्टी ने कभी किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अपना पूरा राजनीतिक जीवन पिता की कुर्सी बचाने में लगा दिया।सांसद का कहना था कि दलित समाज इस हरकत का जवाब देगा।

# युवक बहला-फुसलाकर युवती को लेकर फरार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में एक युवती को गांव का रहने वाला युवक भगा ले गया।युवती अपने साथ घर में सगाई के लिए रखे डेढ़ लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।उनका कहना है कि वे रिश्तेदार के घर गए थे।वापस लौटने पर बेटी घर पर नहीं मिली।जांच में पता चला कि गांव का एक युवक भी लापता है।पीड़ित का आरोप है कि वह युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।पीड़ित ने बताया कि आरोपी युवक दूसरे समुदाय का है। उन्होंने बेटी का धर्म परिवर्तन कराए जाने की आशंका जताई है।

भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

## 5 महीनों से जेल में बंद थे, रिहाई अभी तय नहीं; राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मयपर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बांग्लादेश पुलिस ने पिछले साल 25 नवंबर को



ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया था। तब वे चटगांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि डीबी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया। उन्होंने बस इतना कहा कि वे बात करना चाहते हैं। इसके बाद वो उन्हें माइक्रोबस में बैठाकर ले गए। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मल्लिक ने बताया था कि पुलिस के अनुरोध के बाद चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद चिन्मय दास को कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया था। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का असली नाम चंदन कुमार धर है। वे चटगांव इस्कॉन के प्रमुख हैं।

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच 5 अगस्त 2024 को पीएम शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं के साथ हिंसक घटनाएं हुईं। इसके बाद बांग्लादेशी हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सनातन जागरण मंच का गठन हुआ। चिन्मय प्रभु इसके प्रवक्ता बने। सनातन जागरण मंच के जरिए चिन्मय ने चटगांव और रंगपुर में कई रैलियों को संबोधित किया। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में नातन जागरण मंच ने 8 सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इसे चिन्मय कृष्ण दास ने भी संबोधित किया था। इस दौरान न्यू मार्केट चौक पर कुछ लोगों ने आजादी स्तंभ पर भगवा ध्वज फहराया था।


इस ध्वज पर आमी सनातनी लिखा हुआ था।

रैली के बाद 31 अक्टूबर को बेगम खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी के नेता फिरोज खान ने चिन्मय कृष्ण दास समेत 19 लोगों के खिलाफ चटगांव में राजद्रोह का केस दर्ज कराया था। उन पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप है।

# पाकिस्तान ने यूएनएससी के बयान से टीआरएफ का नाम हटाया

## विदेश मंत्री ने संसद में माना, इस आतंकी संगठन ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी

एजेंसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान से हटाने के लिए दबाव बनाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को सीनेट में दिए गए एक बयान में यह कबूल किया है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। सुरक्षा परिषद के निंदा बयान के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी है। इशाक डार ने बताया कि अमेरिका ने हमले की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रस्ताव की कॉपी मिली तो उस पर केवल पहलगाम लिखा था और हमले के लिए द रेजिस्टेंस फोरम (टीआरएफ) का नाम लिया गया था। डार ने आगे कहा कि हमने इस पर विरोध जताया और कहा कि पाकिस्तान तब तक इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक पहलगाम के साथ जम्मू और कश्मीर का भी जिक्र नहीं किया जाता और ळफत्र्‍ का नाम हटाया नहीं जाता। डार ने कहा कि उन्होंने 2 दिन तक इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किया। इस दौरान कई देशों से उन्हें फोन आते रहे। इशाक डार ने कहा कि उन्हें दुनियाभर के नेता यह कहते रहे कि निंदा प्रस्ताव न आने से पाकिस्तान के ऊपर आरोप आएगा। इसके बावजूद वे अपने दावे पर अड़े रहे। आखिरकार पाकिस्तान के दबाव में प्रस्ताव में बदलाव किया गया और फिर यूएनएससी ने 25 अप्रैल को बयान जारी किया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें भारत और नेपाल के लिए संवेदना जताई गई थी। यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद हर रूप में अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है और हमले के दोषियों व उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हालांकि इस बयान में द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जिसने हमले की जिम्मेदारी ली थी उसका जिक्र नहीं किया गया था। पहलगाम हमले का मकसद गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव भड़काना था, लेकिन बयान में इसका भी जिक्र नहीं था।

# पाकिस्तानी सांसद बोलीं- बाबरी की पहली ईंट पीएके सिपाही लगाएगा

## आसिम मुनीर देंगे अजान, खालिस्तानी आतंकी पन्नू की तारीफ की

एजेंसी



इस्लामाबाद, पाकिस्तान में बिलावल भुट्टो की पार्टी की नेता पलवाशा खान ने संसद में भारत विरोधी बातें कही हैं। भारत-पाक में तनाव के बीच पलवाशा ने कहा कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद बनाएंगे और पिंडी (रावलपिंडी) का एक-एक सिपाही बाबरी मस्जिद की बुनियाद में पहली ईंट रखेगा। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर पहली अजान देंगे। पलवाशा खान ने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ अपनी 7 लाख सैनिकों के भरोसे नहीं है, बल्कि उसके पास 25 करोड़ लोग हैं जो मुश्किल वक्त में फौज के साथ होंगे और सिपाही बनेंगे। यदि भारत ने पाकिस्तान पर कोई हमला करने की कोशिश करता है, तो दिल्ली के लाल किले के मैदान खून से रंगे जाएंगे। पीपीपी की महिला सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को यह पता होना चाहिए उनकी सेना का कोई भी सिख सिपाही पाकिस्तान से जंग नहीं करेगा, क्योंकि ये गुरुनानक की धरती है। उन्होंने खालिस्तानी नेता गुरुपतवंत सिंह पन्नू को शुक्रिया कहा जिसने जंग में पाकिस्तान का साथ देने की बात कही थी। पलवाशा खान पाकिस्तान की सांसद हैं और बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) की नेता हैं। पलवाशा पाकिस्तान के उच्च सदन, यानि सीनेट की सदस्य हैं। वह पहली बार 2008 में महिलाओं के लिए रिजर्व सीट पर सांसद चुनी गई थीं। पलवाशा ने साल 2016 में आईएसआई के पूर्व डायरेक्टर 2016 में जहीर उल इस्लाम से शादी की थी। उनका एक बच्चा भी है। दोनों की शादी 3 साल तक छुपी रही। 2019 में एक पत्रकार ने इनकी शादी का खुलासा किया था, जिसकी काफी चर्चा हुई थी। पत्रकार जाहिद गिशको ने दावा किया था कि उन्हें इस शादी का पता चल गया था जिसके बाद खुद जहीर इस्लाम ने इसे गुप्त रखने की धमकी दी थी। हालांकि, दोनों के बीच 2020 में विवाद की खबरें आई थीं जब पलवाशा ने पति के खिलाफ मुकदमा दायर कर खुद की और अपने बच्चे की सुरक्षा मांगी थी। पाकिस्तान की सेना के पूर्व अधिकारी आदिल रजा ने आरोप लगाया था कि पलवाशा खान गर्भवती हो गई थीं, जिसकी वजह से लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) जहीर उल इस्लाम को उनसे जबरदस्ती शादी करनी पड़ी थी। इस बीच पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा कर कहा है कि भारत अगले 24-36 घंटों में सैन्य एक्शन ले सकता है। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है। तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे। तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है

# इजराइल में यरुशलम के बाहरी इलाकों में आग लगी

## लोग सड़कों पर वाहन छोड़कर भागे; सरकार ने सेना को तैनात किया, कई इलाके खाली कराए

एजेंसी

यरुशलम, इजराइल के यरुशलम शहर के बाहरी इलाकों में बुधवार को आग लग गई है। यह आग एश्ताओल के जंगल में लगी है, जो तेजी से फैल रही है। इसकी चपेट में कई सड़कें भी आई हैं, जिसकी वजह से लोगों को अपने वाहनों को सड़कों पर ही छोड़कर भागना पड़ा है। सरकार ने हालात को काबू करने के लिए सेना को तैनात किया है। इसके अलावा कई रिहायशी इलाकों से लोगों को खाली करा लिया गया है। फायर



डिपार्टमेंट के मुताबिक कम से कम पांच जगहों पर यह आग फैली हुई है। तेज हवाओं और भीषण गर्मी की वजह से आग पर काबू पाने में समस्या आ रही है। यरुशलम से राजधानी तेल अवीव के लिए जाने वाला राजमार्ग 1 बंद कर दिया गया है। दोनों शहरों के बीच रेल यातायात को भी रोक दिया गया है।

एश्ताओल के इलाके में एक कमांड सेंटर बनाया गया है। सरकार के दो मंत्री भी कमांड सेंटर जा रहे हैं। आग बुझाने के लिए 63 अग्निशमन दल और 11 विमान तैनात किए गए हैं।

# दिव्यांगों के लिए बदलेगी केवाईसी की लक्ष्मण रेखा, सुप्रीम कोर्ट बोला- डिजिटल एक्सेस एक मौलिक अधिकार



एजेंसी

> सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल एक्सेस को मौलिक अधिकार करार देते हुए दिव्यांगों, एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए केवाईसी दिशा-निर्देशों में बदलाव के निर्देश दिए.

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि डिजिटल एक्सेस जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है. इसके साथ ही एससी ने विकलांगों के लिए केवाईसी दिशा-निर्देशों में बदलाव के निर्देश देते भी दिए. सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि डिजिटल एक्सेस लोगों का एक एक मौलिक अधिकार है. इसके साथ ही अदालत ने दिव्यांगों और एसिड अटैक सर्वाइवर के लिए डिजिटल नो योर कस्टमर (केवाईसी) दिशा-निर्देशों में बदलाव का भी निर्देश दिया. शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि सभी कमजोर और हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए सभी सरकारी पोर्टल, लर्निंग प्लेटफॉर्म और वित्तीय प्रौद्योगिकी सेवाएं सुलभ होनी चाहिए. न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि डिजिटल पहुंच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत वर्णित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न अंग है. पीठ ने कहा कि दृष्टिहीनता सहित दिव्यांग लोगों और एसिड अटैक सर्वाइवर के लिए डिजिटल केवाईसी दिशा-निर्देशों में बदलाव जरूरी हैं. पीठ ने कहा कि कई कल्याणकारी योजनाएं और सरकारी सेवाएं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए मुहैया की जाती हैं. इसलिए गरिमापूर्ण जीवन के लिए डिजिटल डिवाइड जरूरत बन गई है. पीठ ने कहा कि दिव्यांगों को अपनी पहचान स्थापित करने में परेशानी होती है. उनको बैंक खाते खोलने और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बनाने में भी दिक्कत होती है. इसके साथ ही दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में देरी होती है. कभी-कभी वो ऐसा करने में असमर्थ होते हैं. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अंधेपन सहित विकलांगता वाले लोग और एसिड अटैक सर्वाइवर्स केवाईसी प्रॉसेस पूरा करने और बैंक खाते खोलने जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ हैं. पीठ ने ऐसे लोगों की केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने में असमर्थता पर ध्यान दिया. पीठ ने बताया कि केवाईसी प्रक्रिया के तहत उन्हें अपने सिर को हिलाने और चेहरे को सही स्थिति में रखने जैसे दृश्य कार्य करने होते हैं. ये ऐसे कार्य होते हैं, जो चेहरे की कमजोरी और विकृति के कारण वो ऐसा करने में असमर्थ होते हैं. इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 20 निर्देश दिए हैं.

# देश की भावनाओं को समझकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाएं प्रधानमंत्री: खरगे

## उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, हमने उन्हें (केंद्र सरकार को) पहले ही पूरा अधिकार दे दिया है और उनसे कहा है कि वे सुनिश्चित करें

> सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए। देश में मौजूदा हालात के मद्देनजर पार्टी नेताओं द्वारा दिए जा रहे विवादित बयानों और उन्हें दिए गए निर्देशों के बारे में पूछेजाने पर खरगे ने कहा, हमने पहले ही निर्देश दे दिए हैं। आपको इसकी जानकारी है।



एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की भावनाओं को समझकर मौजूदा स्थिति में किसी भी कार्रवाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए देश की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सही कदम उठाने का आग्रह किया। कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर पार्टी के गायब पोस्ट पर उठे विवाद के बीच आतंकवादी हमले पर चर्चा करने और सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि किसी की गरिमा या छवि को कोई नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। खरगे ने संसद के विशेष सत्र की मांग पर पूछे गए सवाल पर कहा, सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने क्या कदम उठाए हैं या उठाने की योजना बना रहे हैं। उन्हें सदस्यों को इसकी जानकारी देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ऐसी बातों को गुप्त रखकर ही अभियान चलाना होता है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, लेकिन मौजूदा स्थिति और उनके (प्रधानमंत्री के) मन में क्या चल रहा है, इस बारे में उन्हें कम से कम सत्र के दौरान सदन के नेताओं की बैठक बुलानी चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, हमने उन्हें (केंद्र सरकार को) पहले ही पूरा अधिकार दे दिया है और उनसे कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि भारत के लोगों और सैनिकों को कोई परेशानी न हो और हमें भी कोई झटका न लगे। हमने उन्हें पाकिस्तान को नियंत्रण में रखने के लिए पूरा समर्थन दिया है। खरगे ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री लोगों की राय और देश में मौजूद भावनाओं को समझेंगे तथा मौजूदा स्थिति में किसी भी अभियान को अंजाम देने के लिए सभी दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करेंगेव अपना काम करेंगे। उन्हें जल्द से जल्द देश की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाना चाहिए।

# पहलगाम आतंकी हमला: अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत से बाहर निकले 786 पाकिस्तानी



एजेंसी

> जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद 786 पाकिस्तानी अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत से बाहर निकल गए.

नई दिल्ली: एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल से शुरू हुए 6 दिनों के भीतर 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते भारत से निकल चुके हैं. हालांकि अधिकारी के मुताबिक इस दौरान 1376 भारतीय अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं. मोदी सरकार ने 24 अप्रैल को घोषणा की थी कि पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए. इसके साथ ही जिनके पास मेडिकल वीजा है, उन्हें इंडिया छोड़ने के लिए 29 अप्रैल तक का समय दिया गया था. राजनयिक, आधिकारिक और दीर्घकालिक वीजा रखने वालों को 'भारत छोड़ो' नोटिस से बाहर रखा गया था. अल्पकालिक वीजा की 12 श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी के पाकिस्तानी नागरिकों के लिए समय सीमा रविवार 27 अप्रैल को समाप्त हो गई.

# देश इंतजार कर रहा है... पीएम मोदी पर कांग्रेस का निशाना


> रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, यह एकता और एकजुटता का समय है। यह पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने के लिए सामूहिक संकल्प दिखाने का समय है जिसे वह कभी नहीं भूलेगा।

एजेंसी

कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को घातक पहलगाम आतंकी हमले की तुलना मुंबई में 26/11 के हमलों से करते हुए

## जारी किया 2008 का एक विज्ञापन

याद दिलाया कि कैसे भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ एक अखबार में विज्ञापन देकर मुंबई आतंकी हमलों का राजनीतिकरण करने की कोशिश की थी, जबकि रमेश ने एकता और एकजुटता का आान दोहराया। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, यह एकता और एकजुटता का समय है। यह पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाने के लिए सामूहिक संकल्प दिखाने का समय है जिसे वह कभी नहीं भूलेगा। हालांकि, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे 2008 में, तत्कालीन गुजरात के सीएम (अब पीएम मोदी) हमलों के दो दिन बाद मुंबई गए और वहां मीडिया को संबोधित किया। रमेश ने अपनी पोस्ट में लिखा है, मुंबई में घातक आतंकवादी हमलों के शुरू होने के दो दिन बाद 28 नवंबर, 2008 को भाजपा ने क्या किया? एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, तत्कालीन गुजरात के सीएम मुंबई गए और दिखावा करते हुए मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे कहा, भाजपा ने उसी दिन अखबारों में एक भयानक विज्ञापन भी



जारी किया। यह इतिहास है। आइए अब हम इस सबसे संवेदनशील समय में एकजुट हों। देश इंतजार कर रहा है। उनके द्वारा साझा की गई पोस्ट में, विज्ञापन में खून के छींटे हैं, 'क्रूर आतंकवादी अपनी मर्जी से हमला करते हैं,' 'कमजोर सरकार, अनिच्छुक और अक्षम, आतंकवाद से लड़ो, भाजपा को वोट दो।' उन्होंने उल्लेख किया कि कांग्रेस का रुख एक जैसा था, उसने पहलगाम हमले के दिन ही सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी, जो दो दिन बाद हुई और जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, लेकिन प्रधानमंत्री इसमें शामिल नहीं हुए। रमेश ने पोस्ट में कहा, 22 अप्रैल 2025 की रात को ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी। बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री इसमें शामिल नहीं हुए। 24 अप्रैल 2025 का कांग्रेस कार्यसमिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। यह वह समय है जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है

## संक्षेप

### बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई

**पुलिस और श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने 2 बच्चों को दुकानों से कराया मुक्त**

बांदा, बाल श्रम के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक पलास बंसल के निर्देश पर विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने शहर में अभियान चलाया। इस टीम में मानव तस्करी निरोधी इकाई, श्रम विभाग, जीआरपी, आरपीएफ और चाइल्ड हेल्पलाइन के अधिकारी शामिल थे। टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पीलीकोठी और छावनी क्षेत्र में दुकानों और होटलों की जांच की। जांच के दौरान दो नाबालिग बच्चे गैर-खतरनाक श्रेणी में काम करते मिले। श्रम विभाग ने संबंधित दुकान और होटल मालिकों को नोटिस जारी किया। अधिकारियों ने आसपास के दुकानदारों को बाल श्रम न कराने की चेतावनी दी। उन्हें बताया गया कि भविष्य में बच्चों से काम कराते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने लोगों को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के खिलाफ भी जागरूक किया। बाल श्रम का मतलब है की 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम लेना, खासकर ऐसे काम जिनमें उनका शारीरिक, मानसिक या सामाजिक नुकसान हो, या जो उनके विकास के लिए हानिकारक हो।

### बीजेपी का सपा के खिलाफ प्रदर्शन

**अंबेडकर के साथ अखिलेश की फोटो लगाने पर कार्यकताओं ने जताया विरोध**

बांदा, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध का कारण समाजवादी पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर लगाना था। भाजपा कार्यकताओं का आरोप है कि सपा ने मंच पर संविधान निमार्ता डॉ. अंबेडकर और अखिलेश यादव को बराबर का दर्जा देकर अपमान किया है। उनका कहना है कि अखिलेश यादव को अंबेडकर के समान बताकर सपा ने संविधान निमार्ता का घोर अपमान किया है। जिला पंचायत परिसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने डॉ. अंबेडकर के देश के लिए किए गए योगदान का स्मरण करते हुए सपा के इस कृत्य की निंदा की।

### नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

**13 महीने पहले हुई थी शादी, कमरे में फांसी पर लटका मिला शव**

अमरोहा, अमरोहा के मंडी धनौरा में मोहल्ला गांधीनगर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। बुधवार दोपहर को 24 वर्षीय ज्योति पत्नी उमेश सैनी का शव उनके घर के कमरे में फांसी पर लटका मिला। मृतका की शादी 13 महीने पहले हुई थी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।

# रिटायर्ड अफसर और पत्नी की हत्या 20 हजार के लिए

**प्रयागराज में राजमिस्त्री बोला-पैसे मांगे तो थप्पड़ मारकर भगा दिया था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एफसीआई से रिटायर्ड अफसर और उनकी पत्नी को उनका घर बनाने वाले राजमिस्त्री ने ही मार डाला था। सीसीटीवी में दिखने के बाद पुलिस ने राजमिस्त्री श्याम बाबू को गिरफ्तार कर कर लिया। कस्टडी में उसने कहा- अधिकारी अपने घर की दूसरी मंजिल पर कंस्ट्रक्शन करवा रहे थे। इसका ठेका मेरे ही पास था। वह मेरा पेमेंट समय पर नहीं करते थे। 20 हजार रुपए बकाया होने पर मैंने मांगे, लेकिन उन्होंने दिए नहीं। 28 अप्रैल की दोपहर में मैं ही मुंह पर गमछा लपेटकर उनके घर पहुंचा। घर में अरुण श्रीवास्तव और उनकी पत्नी मीना श्रीवास्तव ही थे। पहले मैंने बातचीत की और अपने पैसे मांगे। लेकिन, वह नाराज होने लगे। मुझे दो थप्पड़ मारे और गाली दी। तभी मैंने तय किया कि इन्हें नहीं छोडूंगा। मैं राजमिस्त्री हूं, मेरे पास हथौड़ा था। मैंने उसी से अरुण पर पहला वार किया। उनकी चीख सुनकर पत्नी मीना कमरे से बाहर आ गईं। इसलिए उन्हें भी मारना पड़ा। बुधवार को डीसीपी विवेक चंद्र यमुनापार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपी श्याम बाबू को पेश किया। दावा किया कि घर से ज्वैलरी और कैश नहीं लूटा गया था। डीसीपी विवेक चंद्र यमुनापार ने बताया- अरुण घर के फर्स्ट फ्लोर पर रहते थे। ग्राउंड फ्लोर पर स्टूडेंट सुनील किराए पर रहता था। सेकेंड फ्लोर पर अरुण कंस्ट्रक्शन करवा रहे थे। इसी मंजिल पर राजमिस्त्री श्याम बाबू काम कर रहा था। 3 महीने तक काम करवाया गया। उसके हिसाब से करीब 20 हजार रुपए अरुण ने श्याम बाबू को नहीं दिए थे। अरुण के परिवार वालों का कहना था कि जैसा बताया गया, वैसा काम श्याम बाबू ने नहीं किया। इसलिए पेमेंट रोका गया था। अपना पेमेंट लेने के लिए श्याम बाबू 27 अप्रैल की शाम करीब 7.30 बजे अरुण के पास रुपए मांगने आया था। अरुण ने उससे कहा कि तुम कल दोपहर में आना। इस पर 28 अप्रैल की दोपहर करीब 11.45 बजे श्याम बाबू दोबारा अरुण के घर पहुंचा। तब अरुण ने उससे कहा कि तुम 1 घंटे बाद आना। हम पैसा अरेंज करके तुम्हें दे देंगे।

# ट्रेन के आगे कूदे युवक-युवती, 500 मी. तक मिले हाथ-पैर

**प्रयागराज में शंकरगढ़ रेलवे ट्रैक पर मिली दोनों की लाश, पुलिस जांच में जुटी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, शंकरगढ़ के रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। दोनों की मौके पर मौत हो गई। दोनों के बॉडी पार्ट आधार किलोमीटर बिखरे हुए थे। ट्रैक के बगल से गुजर रहे लोगों ने जब कटी हुई लाशें पड़ी देखी। ट्रैक पर 500 मीटर दूर तक कटे हुए हाथ-पैर बिखरे हुए थे। राहगीरों ने तुरंत ही इसकी जानकारी पुलिस को दी। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जोरवट गांव का है। पुलिस ने बताया- मृतक स्थानीय गांव के निवासी हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया- युवक-युवती दोनों ने एक साथ ट्रेन के सामने छलांग लगाई। रेलवे ट्रैक पर मिली दो लाशें ट्रैक पर करीबन 50 मीटर दूर तक कटे हुए हाथ, पैर, कपड़े और शरीर पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी बॉडी-पार्ट को इकट्ठा कर शवों को कब्जे में लिया। इसके बाद परिजनों से बातचीत कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है- शुरूआती जांच में यह मामला सुसाइड का लग रहा है। यह लव-अफेयर या परिवारों के बीच रंजिश का मामला हो सकता है। घटनास्थल से कुछ सामान बरामद किया गया है।

इसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस आसपास के लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। युवक-युवती के बीच रिश्ते की जानकारी और उनके परिवारों की जांच की जा रही है। पुलिस ने अभी तक मृतकों के नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# परशुराम जयंती पर अमेठी में शोभायात्रा



**सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज रथ पर विराजमान, गायत्री मंदिर से निकली यात्रा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, परशुराम जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू हुई। इसमें सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज रथ पर विराजमान रहे। शोभायात्रा गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर निकली। यात्रा में ब्राह्मण समाज के लोगों सहित कस्बे के अन्य निवासी भी शामिल हुए। यात्रा ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया और गायत्री मंदिर पर समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। कस्बे के हर हिस्से में पुलिस मौजूद रही। परशुराम जयंती के अवसर पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अमेठी में आयोजित यह शोभायात्रा इसी श्रृंखला का हिस्सा है।

# एक देश-एक चुनाव अब राष्ट्रीय जरूरत

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले- संसाधनों की बचत के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया होगी मजबूत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, मारवाड़ी धर्मशाला, सीताकुण्ड में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर युवा परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव अब राष्ट्रीय आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि इससे संसाधनों की बचत होगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी। बार-बार होने वाले चुनावों से विकास कार्य और प्रशासनिक काम प्रभावित होते हैं। उन्होंने युवाओं से इस विषय पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्दन निरायन सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा कि देश में चुनावों की बारंबारता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एकरूपता जरूरी है। कार्यक्रम में अधिवक्ता, छात्र-छात्राएं और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक अंश द्विवेदी थे। वक्ताओं ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन से देश को राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक अनुशासन मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल द्विवेदी ने किया। जिलाध्यक्ष और अंश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि को भगवान परशुराम के शस्त्र 'फरसे' को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। जिले भर से बड़ी संख्या में युवा कार्यक्रम में शामिल हुए। व्यापारी, अधिवक्ता, डॉक्टर, समाजसेवी और खिलाड़ी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वेश मिश्रा, सुधांशु सचिन पाण्डे सिंह, आकाश शर्मा, अंकुर तिवारी, शौर्य वर्धन सिंह, ऋषभ वर्मा, शानू सिंह, हिमांशु कसौधन, विनय चौरसिया, दीपू शुक्ला, आमोद सिंह, हिमांशु त्रिपाठी, अभिनव सिंह, रवि प्रकाश, स्पर्श पाण्डे, सत्यप्रकाश बरनवाल, पंकज शुक्ला, प्रकाश नारायन, अमित सिंह व कई युवा साथियों का अमूल्य योगदान रहा।

# नाबालिग का अपहरण

**घर के बाहर से बाइक सवार दो युवक ले गए, मां ने दर्ज कराया केस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, बंधुआ कलां थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराया जिस पर पुलिस ने मंगलवार रात मुकदमा लिखकर जांच शुरू कर दिया है। लड़की की मां ने बताया कि उनकी बेटी अप्रैल की रात करीब 10 बजे नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गई थी। वह घर से कुछ दूर ही पहुंची थी कि बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए। उन्होंने जबरन उनकी बेटी को पकड़कर बाइक पर बिठा लिया और फरार हो गए। उनका कहना है कि उस समय कुछ दूरी पर मौजूद थीं। हमने बेटी की चीख सुनकर उसे बचाने की कोशिश किया, लेकिन आरोपी उसे ले भागने में सफल रहे। परिजनों ने आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की, लेकिन लड़की का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद पीड़िता की मां ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस को लड़की की मां ने पूरी घटना के बारे में बताया। उन्होंने आशंका जताई है कि अपहरणकर्ता उनकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। पुलिस ने कर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पहलगाम के बाद से अलीगढ़ में एलर्ट जारी

**रेलवे स्टेशन आरपीएफ-जीआरपी कर रही है निगरानी, पसरिसर में कोई संदिग्ध लगे तो तत्काल दें सूचना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद से अलीगढ़ में लगातार हाई एलर्ट है और हर एक प्वाइंट पर नजर रखी जा रही है। विशेष कर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिससे कि आमजनों को किसी तरह की परेशानी न हो। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की आवाजाही को लेकर रेलवे सुरक्षा बल पूरी तरह से मुस्तैद है और हर व्यक्ति पर निगरानी की जा रही है। सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि परिसर के आसपास अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। इसके लिए पूरी टीम को निर्देश दिए जा चुके हैं। रेलवे परिसर को संदिग्धों से सुरक्षित रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) दोनों पूरी तरह से तैयार हैं। आरपीएफ पोस्ट कमांडर अमित कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्धों के ऊपर विभाग की सीधी नजर है और किसी को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि संदिग्धों पर नजर बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। इसके साथ ही आमजनों से भी अपील की जा रही है कि अगर ऐसा कोई भी व्यक्ति नजर आता है तो इसकी जानकारी तत्काल सुरक्षा कर्मियों को दी जाए। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद लगातार चौकसी बरती जा रही है।

रेलवे परिसर के साथ ही सुरक्षा कर्मी रेलवे यार्ड और पटरियों पर भी लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिससे शरारती तत्व किसी तरह की गड़बड़ी या साजिश करने की कोशिश न कर सकें। डॉग स्कवाएड के जरिए रेलवे परिसर और रेलवे की पटरियों की निगरानी की जा रही है।

# बाल विवाह और श्रम रोकने की पहल

**चाइल्ड हेल्पलाइन ने रेलवे स्टेशन पर चलाया अभियान, ट्रेनों में लगाए पोस्टर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, अक्षय तृतीया के अवसर पर अमेठी की चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन ने गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने ट्रेनों में जागरूकता पोस्टर लगाए और लोगों को बाल विवाह व बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के अनुसार, जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन वात्सल्य के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने स्टेशन पर लोगों को जागरूक किया। कानूनी पहलुओं की जानकारी दिनेश तिवारी ने बाल विवाह के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत यह अपराध है।

इस कानून का उल्लंघन करने पर 2 साल की सजा और एक लाख रुपये का जुमार्ना हो सकता है। हेल्पलाइन नंबर पर दें जानकारी कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें।

इस अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन के रोशन लाल सुपरवाइजर, बेबी सिंह और रुचि सिंह शामिल रहे। आरपीएफ के सुनील वर्मा और स्टेशन अधीक्षक प्रवीण सिंह ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# बांके बिहारी के 1 लाख भक्तों ने किए चरण दर्शन

**साल में सिर्फ एक बार होते हैं; 1 किमी लंबी लाइन; 10 लाख के पहुंचने का अनुमान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, वृंदावन में अक्षय तृतीया पर आज बांके बिहारी में श्रद्धालुओं की भीड़ है। बांके बिहारी को सुबह चंदन का लेप लगाया गया। फिर श्रृंगार हुआ। साल में केवल आज ही के दिन भगवान बांके बिहारी के सभी अंगों पर चंदन लगाया जाता है। भक्तों को उनके चरण दर्शन भी कराए जाते हैं। चरण दर्शन भी साल में सिर्फ आज ही के दिन कराए जाते हैं। बांके बिहारी मंदिर के पट सुबह 5 बजे खुले। सबसे पहले मंदिर के पुजारी अंदर गए। देहरी पूजन किया। गर्भगृह में पहुंचकर भगवान का अभिषेक किया और फिर चंदन का लेपन कर श्रृंगार किया। आम भक्तों के लिए मंदिर के पट सुबह 7 बजे खोल दिए गए। 1 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। मंदिर के गेट नंबर-2 और 3 से भक्तों को एंट्री दी जा रही है। गेट नंबर-2 पर एक किमी लंबी लाइन लगी है। प्रशासन को शाम तक 10 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। 12 से 4 बजे तक मंदिर बंद रहेगा। आज भगवान बांके बिहारी को पैरों में पायजेब और लटकनदार हार धारण कराया गया है। शाम के समय सर्वांग दर्शन होंगे। यानी भगवान के पूरे शरीर के। भगवान के शरीर पर चंदन का लेप होगा और वह धोती पहने हुए होंगे। मंदिर के सेवायत आचार्य प्रह्लाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया- चंदन खासतौर पर दक्षिण भारत से मंगवाया गया है।

# छज्जा गिरने से बच्ची की मौत

**35 महिलाएं भी घायल, बारात देखने के लिए छज्जे पर खड़ी थीं, तीन अस्पतालों में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के सीतारामपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। श्री राम श्रीवास्तव के घर आई बारात के दौरान एक जर्जर मकान का छज्जा गिर गया। इस हादसे में 5 वर्षीय एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में छज्जे पर खड़ी लगभग 30 से 35 महिलाएं घायल हो गईं। सभी घायलों को तत्काल मुंशीगंज संजय गांधी अस्पताल, जिला अस्पताल और रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात बारात आने पर बड़ी संख्या में महिलाएं पास के एक मकान के छज्जे पर बारात देखने के लिए एकत्र हुई थीं। अचानक जर्जर छज्जा भरभराकर गिर पड़ा।

# बिजली विभाग में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की छटनी का विरोध

**अमेठी में 100 कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन, सीएम को पत्र लिखने का मिला आश्वासन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लखनऊ द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की छटनी का आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के विरोध में अमेठी तहसील क्षेत्र के करीब 100 आउटसोर्स कर्मचारियों ने सपा विधायक महाराजी प्रजापति के कार्यालय पहुंचकर उनके प्रतिनिधि अरुण प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि वे भीषण गर्मी में भी दिन-रात मेहनत करके लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। विभाग में पहले से ही आवश्यकता से कम कर्मचारी हैं। ऐसे में छटनी का आदेश उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर देगा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर शासन ने अपना आदेश वापस नहीं लिया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पिछले कई दिनों से आउटसोर्सिंग कर्मचारी विद्युत विभाग और विभिन्न कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी